प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 07.01.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. केंद्रीय राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने धनबाद में डीजीएमएस के 125वें स्थापना दिवस को किया संबोधित, कहा– नए श्रम कानूनों के तहत माइनिंग और कामगारों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता।
2. रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रांची में विकसित भारत– जी राम जी योजना की गिनाई खूबियां, कहा– केन्द्र सरकार ने मनरेगा को पहले की अपेक्षा और अधिक पारदर्शी बनाया।
3. नगर निकाय चुनाव जल्द कराने की मांग को लेकर भाजपा का राज्यव्यापी धरना तीसरे दिन भी रहा जारी, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर चुनाव टालने का लगाया आरोप।
4. राज्य के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुदिव्य कुमार ने लुप्त होती जनजातीय और क्षेत्रीय भाषाओं को बचाने के लिए पलाश परियोजना का दायरा सभी 24 जिलों तक बढ़ाने पर दिया जोर।

और

5. राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने राष्ट्रीय युवा उत्सव–2026 के लिए चयनित झारखंडी प्रतिभागियों का किया उत्साहवर्धन, विकसित भारत के संकल्प में योगदान का किया आह्वान।

****

केंद्रीय मध्यम, लघु एवं सूक्ष्म उद्योग तथा श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने धनबाद में खान सुरक्षा महानिदेशालय– डीजीएमएस के 125वें स्थापना दिवस पर कहा कि नए श्रम कानूनों के तहत सुरक्षा के साथ माइनिंग और कामगारों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने माइनिंग में एआई, ड्रोन जैसी तकनीकों के उपयोग पर जोर दिया।

इस मौके पर केंद्रीय राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने खदानों में जाबांजी दिखाने वाली महिला रेस्क्यू टीमों को सम्मानित किया।

****

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रांची में विकसित भारत– जी राम जी योजना की खूबियां गिनाते हुए बताया कि अब ग्रामीणों को 100 के बजाय 125 दिन के रोजगार की गारंटी मिलेगी। उन्होंने कहा कि बजट में 17 हजार करोड़ रुपये से अधिक का प्रावधान किया गया है। रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने सिर्फ योजना का नाम ही नहीं बदला है बल्कि इसे पहले की अपेक्षा और अधिक पारदर्शी भी बनाया है।

****

कोडरमा में पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रस्तावित इंग्लैंड दौरे पर सवाल उठाते हुए कहा कि विदेश यात्रा का लाभ राज्य की जनता को मिलना चाहिए, यह केवल सरकारी खर्च पर भ्रमण न हो। उन्होंने पेसा कानून में संशोधन और बंद पड़े उद्योगों को पुनर्जीवित करने की भी मांग की।

****

रांची नगर निगम के समक्ष भाजपा ने आज नगर निकाय चुनाव जल्द कराने की मांग को लेकर धरना दिया। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद सरकार चुनाव नहीं करा रही है। भाजपा ने चुनाव ईवीएम के जरिए एक दलीय आधार पर संपन्न कराने की मांग की।

****

उधर, भाजपा सरायकेला इकाई ने आदित्यपुर नगर निगम के सामने धरना दिया। पूर्व सांसद गीता कोड़ा ने हेमंत सरकार पर हार के डर से चुनाव टालने का आरोप लगाया।

****

बोकारो जिले के चास नगर निगम कार्यालय के समक्ष भी भाजपा ने निकाय चुनाव की मांग को लेकर धरना दिया। पूर्व विधायक अमर बाउरी और बिरांची नारायण ने हेमंत सरकार पर चुनाव टालने का आरोप लगाया।

****

जामताड़ा के नारायणपुर में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने घोषणा की कि प्रत्येक जिले को चार–चार मोक्ष वाहन उपलब्ध कराए जाएंगे। साथ ही, उन्होंने पुरानी और जर्जर एंबुलेंसों को बदलकर नई एंबुलेंस खरीदने के लिए टेंडर प्रक्रिया जल्द शुरू करने का आश्वासन दिया।

****

राज्य के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि बहुभाषी शिक्षा ही झारखंड की सांस्कृतिक पहचान, समावेशिता और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की आधारशिला है। उन्होंने राष्ट्रीय बहुभाषी शिक्षा कॉन्क्लेव के उद्घाटन सत्र में कहा कि राज्य की जनजातीय और क्षेत्रीय भाषाएं लुप्त होने के कगार पर हैं, इसलिए मातृभाषा में शिक्षा देना अत्यंत आवश्यक है। श्री कुमार ने पलाश परियोजना का दायरा 8 जिलों से बढ़ाकर शेष 16 जिलों तक करने और खोरठा, नागपुरी, पंचपरगनिया तथा कुरमाली भाषाओं को शिक्षा व्यवस्था में सशक्त रूप से शामिल करने की जरूरत पर जोर दिया।

****

बोकारो के शिबू सोरेन स्मृति भवन में आज दो दिवसीय शब्द सरिता महोत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ। इस साहित्य उत्सव में पुस्तक प्रदर्शनी, काव्य पाठ और विचार गोष्ठियों का आयोजन किया जा रहा है, जहां प्रतिष्ठित लेखक और साहित्य प्रेमी शिक्षा, कला और संस्कृति पर संवाद कर रहे हैं। महोत्सव में विधायक श्वेता सिंह ने युवाओं से डिजिटल दुनिया के बजाय साहित्य से जुड़ने की अपील की।

****

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रांची स्थित लोकभवन में राष्ट्रीय युवा उत्सव–2026 के लिए चयनित झारखंडी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने युवाओं को राज्य की संस्कृति का गौरवपूर्ण प्रतिनिधित्व करने और विकसित भारत @ 2047 के संकल्प में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। राज्यपाल ने अनुशासन और सकारात्मकता पर जोर दिया।

****

हजारीबाग के छात्र चंदन कुमार को प्रतिष्ठित विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2026 के लिए चुना गया है, जहां वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने अपना विज़न रखेंगे। यह कार्यक्रम 9 से 12 जनवरी तक नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित किया जाएगा। चंदन ने इस अवसर के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया है और इसे युवाओं के लिए एक ऐतिहासिक मंच बताया।

****

राज्य में पड़ रही कड़ाके की ठंड के कारण राज्य सरकार ने साहिबगंज समेत पूरे प्रदेश में आंगनबाड़ी केंद्रों में 3 से 6 वर्ष के बच्चों की शाला पूर्व शिक्षा को तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया है। महिला एवं बाल विकास विभाग के आदेशानुसार यह रोक 10 जनवरी तक प्रभावी रहेगी।

********समाप्त*********